# कार्यालय पुलिस उप अधीक्षक वृत कामां जिला भरतपुर (राज0)

क्रमांकः—3147 दिनांकः—23.07.18

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय ,
जिला भरतपुर

विषयः— राज0 सम्पर्क सीएम हैल्पलाईन 181 पर प्राप्त परिवाद द्वारा श्री ज्ञानेश नि0 4/209 चित्रकूट वैशाली नगर जयपुर बावत दिनांक 05.07.18 को समाचार पत्र में प्रकाशित खबर भरतपुर जिले में ओवर लोड वाहनों से हो रही अवैध वसूली के सम्बन्ध मे।

प्रसंगः— सीएम हैल्पलाईन ग्रिवियंस नं0 07180674004870 दिनाक 19.07.18 के संन्दर्भ मे।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं प्रासंगिक पत्र के सन्दर्भ में वर्णित समाचार पत्र भरतपुर पत्रिका में दिनांक 05.07.2018 को प्रकाशित समाचार शीर्षक **"पुलिस की अवैध वसूली का वीडियो वायरल "** के सम्बंध में निवेदन है कि वीडियो वायरल की खबर प्राप्त होने पर मन वृताधिकारी मय थानाधिकारी कैथवाडा के अमरूका चौकी पर पहुंचे एवं अमरूका चौकी पर लगे जाप्ता को चैक किया गया तो 1 हैड कॉस्टेबल एवं 6 कॉस्टेबल के जाप्ते में से 3 कॉस्टेबल चोकी पर मौजूद मिले तथा हैड कॉस्टेबल सम्भूसिंह न0 32 व कानि0 रूपसिंह न0 876 कानि0 विनोदकुमार न0 793 कानि0 बृजेन्द्रसिंह न0 314 गैरहजिर मिले तथा उक्त गैरहजिर मुलाजमान की रोज0आम में गैरहजिर रपट अंकित की गई।

अमरूका चौकी थाना कैथवाडा पर 6वीं बटालियन आर.ए.सी.धौलपुर का जाप्ता तैनात होने पर सम्बंधित बटालियन के अधिकारियो को अवगत कराया गया। वीडियो वायरल की जांच सम्बंधित विभाग 6वी बटालियन आर.ए.सी धौलपुर के उप अधीक्षक पुलिस श्री सुरेन्द्रसिह दानोदिया द्वारा की जा रही है।

रिपोर्ट श्रीमान की सेवा मे सादर प्रेषित है।

**भवदीय**

**पुलिस उप अधीक्षक**
**वृत कामां**